BMSCW LIBRARY
QUESTION PAPER

BCA/B.Voc (IT) - HINDI

I Semester End Examination March/April 2022

Nibandh Prabha , Karyalayi Hindi & Sankshepan

Course Code: BCA1AECHIN01 **QP Code: 1115**

Time: 2 hours **Total Marks: 60**

I. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक शब्द या वाक्य में लिखिए 10x1= 10

1. हम दैहिक पराधीनता से क्या होना चाहते हैं?
2. कौन सी भाषा पठित समाज की भाषा बन गई है?
3. जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम क्या है?
4. राज्य सम्पदा त्यागकर तपस्या करने कौन बैठे थे?
5. किसकी सृष्टि आज भी असम्पूर्ण है?
6. "गप-शप" के लेखक का नाम लिखिए।
7. किसका सिंदूर भीग रहा है?
8. स्वदेश प्रेम किसका सबसे भयंकर ढोंग है?
9. असम की पहाड़ियों में साल में कितने इंच वर्षा होती है?
10. विश्वासपात्र मित्र जीवन का क्या होता है?

II. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्ही दो का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 2x7=14

1. 'अंग्रेज स्वप्न में भी किसी अंग्रेज से ग़ैर अंग्रेजी भाषा में ना बोलेगा, मगर यहां हम आपस में ही अंग्रेजी बोल कर अपनी मानसिक दासता का ढिंढोरा पीटते हैं'।
2. सार्थक शब्द तो सामाजिक परंपरा के नपे-तुले ढांचे हैं, उनमें तो जो बातें आती हैं वह टाइप बनकर। निरर्थक शब्दों से ही उसकी मौलिकता और वास्तविकता का पता लगता है।

BMSCW LIBRARY

3. आज संसार का संबंध पहले की अपेक्षा कहीं अधिक घनिष्ठ हो गया है। किंतु इस वृद्धि -क्रम का इसी जगह अंत नहीं हो सकता, भविष्य में उसमें आज से भी अधिक घनिष्ठता होना अनिवार्य है।

III. किसी एक निबंध का सारांश उसकी विशेषताओं के साथ लिखिए। 1x16=16

1. हिम्मत और ज़िंदगी ।

2. मित्रता ।

IV. कार्यालयी हिन्दी (किसी एक का उत्तर लिखिए) 1x10=10

1. टिप्पण किसे कहते हैं? उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

2. प्रतिवेदन को परिभाषित करते हुए उसके प्रकारों का वर्णन कीजिए।

3. आलेखन क्या है, उसके कितने भेद हैं?

V.निम्नलिखित अनुच्छेद का संक्षिप्तीकरण कीजिए और एक उचित शीर्षक दीजिए। 10

राष्ट्रीयता के विकास के लिए भाषा एक महत्वपूर्ण तत्व है। भाषा ही एक ऐसा साधन है जिसके द्वारा मनुष्य और मानव समुदाय अपने भावों को एक दूसरे के सामने प्रकट करते हैं। जिस प्रकार पहाड़, नदी तथा समुद्र मनुष्य के आपस में मिलने-जुलने में रुकावट पैदा करते हैं, वैसे ही भाषा की भिन्नता मनुष्यों में पारस्परिक संबंध स्थापित करने में बाधक होती है। मनुष्य के विभिन्न समुदायों के अपने-अपने आदर्श, विचार और अपनी-अपनी भावनाएं होती हैं जिनकी अभिव्यक्ति भाषा द्वारा होती है। संगीत और साहित्य की अभिव्यक्ति का साधन भी भाषा ही है। भाषा एक ऐसा साधन है जिससे मनुष्य एक दूसरे के समीप आ जाता है, उनमें घनिष्ठता स्थापित होती है। यही कारण है कि एक भाषा बोलने वाले लोग परस्पर सहानुभूति रखते हैं। राष्ट्रीयता की भावना के लिए भाषा तत्व परम आवश्यक है।

BMSCW LIBRARY